# इतिहास :– भारत और समकालीन विश्व–1

## कक्षा– नौवीं

## अध्याय–3, नात्सीवाद और हिटलर का उदय

**याद रखने योग्य बातें :–**

1. पहला विश्वयुद्ध 1914–18 तक लड़ा गया।
2. अमरीका 1917 में पहले विश्वयुद्ध में शामिल हुआ।
3. नवम्बर 1918 में जर्मनी की पराजय के साथ प्रथम विश्व युद्ध का अन्त हुआ।
4. जून 1919 में वर्साय की संधि पर हस्ताक्षर हुए।
5. जर्मनी की हार के बाद वाइमर लोकतांत्रिक संविधान पारित किया गया।
6. हिटलर का जन्म 1889 में हुआ।
7. हिटलर ने 1919 में 'जर्मनी वर्कर्स पार्टी' की सदस्यता ली।
8. 1921 में हिटलर ने नाजी पार्टी की नीव रखी।
9. नात्सी यूथ लीग का गठन 1922 में हुआ।
10. एडोल्फ हिटलर 1933 में जर्मनी का चांसलर बना।
11. महामंदी के दौरान नात्सीवाद ने जन आंदोलन का रूप ग्रहण कर लिया।
12. द्वितीय विश्व युद्ध (1939–45) तक चला।
13. 1938 में म्यूनिख समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।
14. दिसंबर 1941 को अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में प्रवेश किया।
15. मई 1945 में सोवियत संघ की सेना ने बर्लिन में प्रवेश किया।
16. 1945 में मित्र राष्ट्रों को यूरोप में विजय प्राप्त हुई।

## 1 अंक वाले प्रश्न

1. मित्र राष्ट्र देश कौन से थे?
2. अमेरिका कब मित्र राष्ट्रों में शामिल हुआ?
3. वाइमर गणतंत्र को किस संधि पर हस्ताक्षर करने पड़े?
4. प्रथम विश्व युद्ध के बाद मित्र राष्ट्रों ने जर्मनी के किस प्रदेश पर अधिकार किया?
5. हिटलर का जन्म कब और कहाँ हुआ?
6. हिटलर ने अग्नि अध्यादेश (फायर डिक्री) के जरिए क्या–क्या निलंबित किया?
7. हिटलर ने जिस विचारधारा को जन्म दिया उसे क्या कहते हैं?
8. धुरी शक्तियों में कौन–कौन से देश शामिल थे?
9. प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी में किस गणराज्य का जन्म हुआ?
10. नात्सी विचारधारा का मुख्य आधार क्या था?
11. जर्मनी की संसद को किस नाम से जाना जाता है?
12. जर्मनी को हरजाने के रूप में कितना धन देना पड़ा?
13. नाज़ी लोग सब से अधिक किन लोगो के विरूद्ध थे?
14. आर्थिक महामंदी कब शुरू हुई?
15. किस देश ने द्वितीय विश्वयुद्ध में परमाणु बम का प्रयोग किया?
16. 'नंवबर के अपराधी' किन्हें कहा जाता था?
17. 'अति मुद्रा–स्फीति' क्या है?
18. सर्वहाराकरण किसे कहते हैं?
19. हिटलर के गुप्तचर राज्य पुलिस का क्या नाम था?
20. 'युंगफोक' क्या था?

## लघु/दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक वाले)

1. वर्साय में हुई संधि की शर्तें बताएँ?
2. नात्सी सोच के खास पहलू कौन से थे?
3. नाज़ी समाज में औरतों की क्या भूमिका थी?

4. नाज़ीवाद आन्दोलन की मुख्य विशेषताएँ क्या थी?
5. जर्मनी पर नाजीवाद के क्या प्रभाव पड़े?
6. 1930 तक आते आते जर्मनी में नाजीवाद को लोकप्रियता क्यों मिलने लगी?
7. नात्सीवाद का प्रचार यहूदियो के विरूद्ध घृणा उत्पन्न करने में किस प्रकार प्रभावी सिद्ध हुआ?
8. वर्साय की संधि द्वितीय विश्वयुद्ध का कारण क्यों बनी?
9. 1929 से 1932 तक के सालों में अमेरिका की मंदी की व्याख्या करो?
10. जर्मनी में प्रसिद्ध विशेषाधिकार कब पारित किया गया? इसके क्या परिणाम हुए?

**उत्तर माला :–**

1. इंग्लैंड, फ्रांस, रूस और सहयोगी
2. 1917 में
3. वर्साय की संधि पर
4. राइन लैंड
5. 1889 में ऑस्ट्रिया में
6. अभिव्यक्ति, प्रेस, सभा करने की आज़ादी आदि।
7. नाजीवाद या नात्सीवाद
8. जर्मनी, इटली, जापान और सहयोगी
9. वाइमर गणराज्य का
10. नस्ली आधार पर भेद भाव
11. राइखस्टैग (Reichstag)
12. 6 अरब पौंड
13. यहूदियो के
14. 1929 में
15. अमेरिका ने
16. जर्मन समाजवादी कैथोलिक एवं डेमोक्रैट खेमे के लोग जो वाइमर गणराज्य के हिमायती थे, को 'नवंबर का अपराधी कहा जाता था।

17. जब कीमतें बेहिसाब बढ़ जाती है तो उस स्थिति को अतिमुद्रा स्फीति' कहा जाता है।

18. गरीब होते–होते मजदूर वर्ग की आर्थिक स्थिति में पहुँच जाना सर्वहाराकरण कहलाता है।

19. गेस्तापो

20. 10 से 14 वर्ष के बच्चों का नात्सी युवा संगठन।

## लघु/दीर्घ प्रश्नों के उत्तर

1. 1) युद्ध के लिए जर्मनी को जिम्मेदार ठहराना।
   2) अपने सारे उपनिवेश छोड़ने पड़े।
   3) कोयले के भंडार फ्रांस को देने पड़े।
   4) छः अरब पौंड का जुर्माना
   5) सेना पर अंकुश/खनिज संसाधनों पर कब्जा

2. 1) आर्य (जर्मन) विश्व की सर्वश्रेष्ठ नस्ल है, उसे अपनी शुद्धता बनाए रखनी है।
   2) नात्सियों का मानना था कि श्रेष्ठ जाति (जर्मन) जीवित रहेगी तथा हीन (यहूदी) को नष्ट होना पड़ेगा।
   3) नात्सी विचारधारा में हिटलर को एक मसीहा के रूप में प्रस्तुत किया गया है जो उन्हें सभी विपत्तियों से छुटकारा दिला सकता है।

3. 1) नात्सी समाज में औरतों को आर्य संस्कृति और नस्ल का ध्वजवाहक माना जाता था।
   2) उनका कर्तव्य अच्छी माँ बनना, शुद्ध आर्य रक्त वाले बच्चों को जन्म देना और उनका पालन–पोषण करना है।
   3) ऐसा पालन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाता था, उल्लंघन करने वाली महिलाओ को दण्डित किया जाता था।

4. 1) जर्मनी में हिटलर के अधीन नाजीवाद का उत्थान हुआ।
   2) तानाशाही आन्दोलन था।
   3) संसदीय संस्थाओं का विरोध।
   4) एक ही नेता के शासन का गुणगान।
   5) विभिन्न संगठनो के विरूद्ध।

5. 1) नाजी विरोधी नेताओं की हत्या।
2) नाजी दल के अतिरिक्त सभी राजनीतिक दलों पर पाबंदी।
3) श्रमसंघों को कुचल दिया गया और हजारो कम्युनिस्टो और समाजवादियों को शिविरों में भेज दिया गया।

6. 1) वाइमर गणराज्य के असफल होने पर नात्सी पार्टी सब से बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर सामने आई।
2) हिटलर का व्यक्तित्व बहुत प्रभावशाली था।
3) हिटलर यूथ जर्मन युवाओं को सेना में भर्ती होने का जनसमर्थन प्राप्त हुआ।

7. 1) नात्सियो ने यहूदी लोगो को घटिया शारीरिक रचना वाले लोग तथा अवांछित वर्ग का दर्जा दिया।
2) नात्सियों ने यहूदी लोगो को ईसा मसीह का हत्यारा बताया है।
3) उनके विचार में धर्म परिवर्तन म़ात्र से ही यहूदियो की समस्या से नहीं निपटा जा सकता, इसका समाधान पूर्णतया समाप्ति है।

8. 1) प्रथम विश्वयुद्ध का अंत तो हो गया, परन्तु सदा के लिए युद्ध को समाप्त नहीं किया।
2) पराजित राष्ट्र जर्मनी पर अपमानजनक वर्साय की संधि थोपी गई।
3) विजित राष्ट्रो की आशाएँ पूरी नहीं हुई।
4) जर्मनी पर छः अरब पौंड का जुर्माना लगाया गया और राइनलैन्ड पर मित्र राष्ट्रों ने कब्जा कर लिया।
5) एक दूसरा युद्ध ही उनकी आशाओं को पूरा कर सकता था।

9. 1) इन तीन सालो में अमरीका की राष्ट्रीय आय आधी रह गई।
2) फैक्ट्रियाँ बंद हो गई।
3) निर्यात गिरता जा रहा था।
4) किसानों की हालत खराब थी।
5) सट्टेबाज बाजार से पैसा खींच रहे थे।

10. 1) विशेषाधिकार अधिनियम 3 मार्च 1933 को पारित किया गया।
2) इसके द्वारा कानूनन जर्मनी में तानाशाही व्यवस्था स्थापित की गई
3) इस कानून ने हिटलर को केवल अध्यदेशों के जरिए शासन चलाने का अधिकार दे दिया
4) नाजी पार्टी व उससे जुड़े संगठनों के अलावा सभी पार्टीयों, ट्रेड युनियनों पर पाबंदी लगा दी गई।

**वर्साय की संधि के बाद जर्मनी.**
*इस नक्शे में आप उन इलाकों को देख सकते हैं जो संधि के बाद जर्मनी के हाथ से निकल गए थे।*

